धमतरी (प्रेस न्यूज़)

- ब्रह्माकुमारिज का आयोजन " सुरक्षित भारत " सड़क सुरक्षा मोटर साइकिल यात्रा अभियान
- "अधिक रफ़्तार का मजा कही बन न जाए सजा -सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा "-ब्रह्माकुमारिज का अभियान

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्रह्मा कुमारिज के यातायात एवम परिवहन प्रभाग द्वारा पुरे भारत वर्ष में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय को लेकर सुरक्षित भारत अभियान निकाला गया है | जिसके अंतर्गत ब्रह्माकुमारिज धमतरी द्वारा 13 दिवसीय इस अभियान उदघाटन 27 मार्च को प्रात: 9 बजे एस.एस.गार्डन में माननीय अतिथियों की उपस्थिति में हुवा | मुख्य अतिथियों के रूप में उपस्थित थे माननीय भ्राता मणिशंकर चन्द्र जी DSP , माननीय भ्राता जी.सी.पती जी DSP ,माननीय भ्राता दिनेश राठीजी प्रोप्रायटर सत्योम सेल्स, माननीय भ्राता एस.के.मिश्रा जी जनरल मैनेजर ,महिंद्रा धमतरी,माननीय भ्राता अरविंदरसिंग मुंडी अध्यक्ष ट्रक यूनियन धमतरी,वार्ड पार्षद जानकी तिवारी जी, ब्रह्मा कुमारी सरिता दीदीजी,कामिनी कौशिक बहन |

सर्वप्रथम सभी अतिथियों की उपस्थिति में दादी जानकी के दुसरे पुण्य स्मृति दिवस पर दादीजी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया दीप प्रज्वलन किया एवम आदरणीय सरिता दीदी ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला ,सभी भाई बहनों ने भावपूर्ण श्रधांजलि दी |

परमात्म स्मृति के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुवा | ब्रह्मा कुमारी सरस बहन ने स्वागत भाषण के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया | सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय को लेकर बच्चो ने बहुर सुन्दर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर चित्रगुप्त और यमदूत द्वारा जनता को सन्देश दिया की नशे में कभी भी गाड़ी न चलाये ,आपका जीवन बहुत कीमती है |परिवार वाले आपके बिना रह नहीं सकते ,बच्चे आपके बिना अनाथ हो जायेंगे | माननीय भ्राता मणिशंकर चन्द्र जी DSP ,ने बहुत ही गंभीरता से सड़क सुरक्षा के नियमो से लोगों को अवगत कराया | माननीय भ्राता जी.सी.पती जी DSP ने जीवन के महत्व ,परिवार के महत्व से सबको अवगत कराया | माननीय भ्राता दिनेश राठीजी प्रोप्रायटर सत्योम सेल्स ने ब्रह्मा कुमारिज द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान की दिल से प्रशंसा की | माननीय भ्राता एस.के.मिश्रा जी जनरल मैनेजर ,महिंद्रा धमतरी, ने फोर व्हीलर चलाते हुए नियमों के बारे बताया | माननीय भ्राता अरविंदरसिंग मुंडी अध्यक्ष ट्रक यूनियन धमतरी ने भी अभियान की सफलता के लिए अपनी शुभ कामनाए दी |

आदरणीय सरिता दीदी ने अपने दिव्य उदबोधन में कहा गाड़ी चलाते समय हमारा मन शांत होना चाहिए | आज सभी के संकल्प भी तेजी से चलते है इसलिए गाड़ी भी तेज भागती है | दीदी ने कहा एक स्लोगन याद रखना , धीरे धीरे चलेंगे तो बार बार मिलेंगे , और जल्दी जल्दी चलेंगे तो हरिद्वार में मिलेंगे | राजयोग मैडिटेशन से ही मन को शांत और संतुलित किया जा सकता है | दीदी ने कहा ट्रैफिक सिग्नल में जब हम खड़े है तो उस समय को सफल करते हुये परमात्मा को याद कर मन को शांत करे | रोड पर चलते समय बड़े बुजुर्ग लोगों को पहले रास्ता दे | सड़क पार करने में उन्हें मदत करे | मोबाइल फोन में बात करते हुए गाड़ी न चलाये | हेलमेट जरुर पहने |

ब्रह्माकुमारी प्राजक्ता बहन ने मन की शांति के लिए राजयोग मैडिटेशन का अभ्यास कराया | ब्रह्मा कुमारी नवनीता बहन ने सभी को सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करने के लिए संकल्पबद्ध किया | ब्रह्मा कुमार श्याम भाई ने सभी से नारे लगवाए | कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिल बहन ने किया |

कार्यकम के बाद माननीय अतिथियों के द्वारा अभियान को हरी झंडी देकर रवाना किया गया |जिसमे सबसे आगे सड़क सुरक्षा का पैगाम देने वाला सजाया हुवा अभियान का रथ था,उसके पीछे स्पेशल गाड़ी में यमराज थे जो सभी को अपने एक्शन द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रहे थे |और उसके पीछे 75 बाइक चालक थे जिन्होंने विजिबल जैकेट पहना था,हेलमेट लगाया था ,साथ में गाड़ी शिवबाबा और तिरंगा झंडा लगाया था | सबसे विशेष बात ये सभी बाइक चालक निर्व्यसनी है ,राजयोग मैडिटेशन का प्रतिदिन अभ्यास करते है |

सुबह 10.30 बजे अभियान को हरी झंडी मिलने के बाद यह विशाल अभियान सडक सुरक्षा का सन्देश देते हुए विविकनद कॉलोनी से पंचवटी कॉलोनी ,वहा से रत्नाबंधा रोड होते हुए बस स्टैंड पहुंचा जहा सभी अभियान यात्रीयों ने खड़े होकर नारे लगवाए,प्रतिज्ञा कराई और पर्चे बाटे | आगे बढ़ते हुए यह अभियान सत्योम सेल्स में पहुंचा जहा अभियान यात्रियों का सत्योम सेल्स के संचालक दिनेश राठीजी ने सभी का स्वागत किया | आगे यह अभियान अर्जुनी ग्राम में पहुंचकर ग्रामवासियों को सन्देश देते हुए रिलायंस पेट्रोल पंप पहुंचकर वहा कर्मचारियों को सन्देश दिया | कड़ी धुप में अभियान यात्री अथक होकर परमात्मा के इस पुनीत कार्य को सफल बनाने के लिए जोश के साथ आगे बढ़ते हुए अंकल गैरेज पहुंचा ,वहा से सेवाकेंद्र पर भोजन के बाद यह काफिला सुमित बाजार पहुंचा जहा पुरे स्टाफ को परमात्मा का सन्देश दिया गया | सुमित बाजार के संचालक गोल्छा का परमात्मा के घर का प्रसाद और सौगात दी गइ|

आगे यह अभियान रुद्री चौक में पहुंचा जगा रुद्री की सरपंच बहन ने अभियान यात्रियों का स्वागत किया |वहा सड़क सुरक्षा का मेसेज पब्लिक को दिया | आगे बिलाई माता मंदिर के अभियान यात्रियों ने खड़े होकर सबको सन्देश दिया वहा सभी का स्वागत हुवा | लास्ट में गाँधी चौक में माननीय अतिथियों की उपस्थिति में प्रथम दिन के अभियान की समाप्ति हुयी | अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय भ्राता जी.सी.पती जी DSP, के.देव राजू टी.आय.यातायात विभाग धमतरी, माननीय भ्राता भुनेश्वर नाग टी.आय. सिटी कोतवाली धमतरी सभी ने अभियान यात्रीयों का अपने शब्दों के द्वारा स्वागत किया और अभियान यात्रियों की बहुत बहुत प्रशंसा की | सभी अतिथियों ने कहा ये सन्देश देकर आप सभी बहुत पुण्य कमा रहे हो | पूरी संस्था ही बहुर प्रशंसनीय कार्य कर रही है |

13 दिनों तक चलने वाला यह अभियान आगे दुसरे दिन सड़क सुरक्षा का संदश देने पुरुर की और अनेक गावो में पहुंचेगा |